भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1443
बुधवार, 12 मार्च, 2025 (21 फाल्गुन, 1946 (शक)) को उत्तरार्थ

सब्जी के गुणवत्तापूर्ण बीजों का उत्पादन

1443 # श्री नीरज शेखरः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) सब्जी के बीजों का उत्पादन करेगा; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ख): जी हाँ मान्यवर, भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) ने सब्जी बीज उत्पादन एवं वितरण कार्यक्रम की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, BBSSL ने 'भारत बीज' ब्रांड नाम के तहत लगभग 1,500 क्विंटल सब्जी बीजों के उत्पादन एवं विपणन की योजना बनाई है, जिसका अनुमानित मूल्य ₹16 करोड़ है।

******